पृथ्वी पर हम सब समय माया के यात्री हैं

साप्ताहिक
# समय माया

पंजीयन क्रमांक RNI-MP\HIN\2006/20685

प्रधान संपादक-अजमेरा एस.पी.कुमार
B.COM., M.A., LLB, CAIIB, DLLLW&PM

cell : 9300755803-9425125569
Phone Fax : 91-731-2530859
Websites : www.samaymaya.com
www.geocities.com/samaymaya/march09.pdf
www.geocities.com/corruption2india/corruptindia.html
www.geocities.com/corruption2india/corruptMP.html
E-mail : mwc@indiatimes.com
: linkdage@hotmail.com,
: linkadage@indiatimes.com
(c) all copyrights reserved with chief editor,do not publish any matter without prior permission.

वर्ष 4 अंक 48 | इंदौर, सोमवार 25 जनवरी से 31 जनवरी 2010 | पृष्ठ 8 मूल्य रु. 2/-

2 सत्ता दानवों की कल्पाएगी मानवों को

3 कल सबको मिले जल आज हो व्यवस्था

4 डकैत सुलेमान वसूली के लिए हर कदम रच रहा षड्यंत्र

5 सूचना के आवेदन में जानकारी न देने के षड्यंत्र

6 ऊपर से नीचे तक जालसाजियों का अम्बार

7 भ्रष्ट आईएएस, आईपीएस, आईएफएस पर क्यों नहीं छापे?

### केंद्र की कांग्रेस का महंगाई से बड़ा षड्यंत्र

# खाद्य सुरक्षा के नाम बहुराष्ट्रीय कं. की कमाई सुरक्षा

केंद्र के कांग्रेसी गिरोह के डकैतों ने कमीशन खोरी के लिए जनता के मुंह से दाल, रोटी, गुड़, शक्कर, सब्जियां, तो महंगाई के कारण छीन ही ली हैं। फरवरी 09 की 15-16 रुपए किलो की शक्कर जनवरी 10 मेंही रुपए 45 प्रति किलो हो गई, चारों तरफ से जनता जो त्राहि-त्राहि कर रही है उससे बड़ा भी एक षड्यंत्र जिसके अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं स्तर अधि. 2006 बना दिया गया था पर इस चक्कर में कांग्रेस के विरुद्ध पूरे देश की जनता खड़ी हो जाने के डर से इस राक्षक को किताबी पिंजरे में कैद करके रखा गया था जो 1 अप्रैल 20 से लागू करने की पुरजोर तैयारी की जा रही है। इसके अंतर्गत समयमाया ने पूर्व में भी छापा जिसके चलते इस अधिनियम को कांग्रेस ने चुनाव तक के लिए टाल दिया था, अब जबकि गिरोह ने सत्ता पुनः षड्यंत्रों से हथिया ही ली है इस आजादी के बाद के सब बड़े जन विरोधी और बहुराष्ट्रीय कं. की न केवल सैकड़ों गुना कमाई वरन उनके कुकर्मों से किकसी की मौत भी हो जाए तो अधिकतम रुपए 5 लाख देकर हर अपराध से मुक्ति भी धारा 65 में व्यवस्था कर दी गई है। अर्थात बहुराष्ट्रीय कंपनी को हर

## 5 से 10 करोड़ सीधे बेरोजगार होंगे डकैतों को सीधा अरबों में कमीशन

अपराध करने गरीबों से निवाला तो क्या घूंटभर पानी भी बिना पैसे के न मिल सके और वह भी बहुराष्ट्रीय कंपनी के विशाल दुकानों से जिसमें आम आदमी भी न घुस सके।

इसके अंतर्गत कोई भी किसान अपनी फसल को मंड़ी ले जाने तो दूर, खेत से भी नहीं उठा सकेगा ठेले, ताले, खोमचे वाले, चाय की गुमटी, पान वाले तक कोई व्यापार, दुकानदारी नहीं कर सकेंगे और करेंगे तो इनके न्यायालय जो खाद्य सुरक्षा और मानक अधि. के नाम से जाने जाएंगे बहुराष्ट्रीय कंपनी से सरकारी वेतन के अतिरिक्त उन्हें उनकी आवश्यकता से दुगुना दूध, दही, राशन, पानी पैकेज्ड आपूर्ति कर इन्हें अपने इशारों पर नचाते हुए इन सड़क छाप दुकानदारों पर रुपए 25000/- का न्यूनतम और अधिकतम रुपए 5 लाख तक का दंड करेंगे, जिससे अपने आप इस देश के 1 करोड़ से ज्यादा आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाएंगे। बिना बहुराष्ट्रीय कं. के ब्रांड से बेचना तो दूर ढुलाई या लाना ले जाना भी नहीं कर सकेंगे। उसके परिवहन को भी न्यूनतम रुपए 25000 का दंड होगा।

शेष पेज 5 पर

### पृथ्वी के बाहर जीवन की संभावना

# जिनपिंडों के मंडल में बादल-जीवन संभावित

विश्व के बड़े-बड़े वैज्ञानिक विशेषतौर पर नासा कभी मंगल पर जीवन की बात करता है, कभी चंद्रमा पर पानी होने के भारतीय दावे की पुष्टि करता है, तो धूर्त और जालसाज वहां प्लाट काटकर मूर्ख अमीरों को प्लाट बेच देते हैं।

जबकि इन सबके विपरीत भी ग्रह सौरमंडल के बाहर जीवन को धरती से भी दूरबीनों या रेडियो फ्रीक्वेंसी आधारित दूरबीनों से उन पिंडों पर जीवन होने या न होने के बारे में बहुत ही साधारण सी बात से भी पता लगाया जा सकता है कि यदि किसी सौर मंडल के ग्रह, पिंड, या हमारे सूर्य के तारा मंडलों ग्रह आदि के बाहर की आकाश गंगा में यदि सूर्य की तरह के अन्य ऊर्जा त्यागने वाले पिंड हैं तो उनके सौर मंडलों, ग्रहों, पिंडों पर अगर तरलता होगी तो जीवन होगा और तरलता न केवल हर जीवन का आधार होगी, वरन उस पिंड के वायुमंडल में उस सूर्य के ऊर्जा उत्सर्जन से बादल भी बनते होंगे और बादल बनते होंगे तो तरलता हमारी पृथ्वी के जल की तरह पिंड से बादल बनने और बरसने की सतत प्रक्रिया के विनिमय उस पिंड पर जीवन को गति देने में सक्षम होगा।

अब यदि मंगल पर जीवन की बात करें तो तरलता के बिना जीवन संभव नहीं और यदि मंगल पर जीवन होता तो मंगल ग्रह के वायुमंडल में बादल होते और जब धरती से देखने पर यदि सीधी दृष्टि यदि मंगल पर पहुंचती है, तो वो सूखा है, वहां जीवन संभावित नहीं। नासा जो कि अमेरिकी संकर प्रजाति के धूर्तों की संस्था है बेशक उसकी कुछ

उपलब्धियां हैं उनका मूल काम है अमेरिकी साम्राज्यवाद को स्थापित करने के लिए दूसरे राष्ट्रों विशेषतौर भारत, चीन, रूस पर जासूसी करना अपना आतंक के माध्यम से डर बनाए रखने के लिए चंद्रमा पर पहुंच गए, मंगल पर पहुंच गए, नई आकाशगंगा खोज ली, सब धरती पर बैठे दूरबीनों से वहां के चित्र उतारना और उनको

शेष पेज 4 पर

### परमाणु बिजली पर अरबों का कमीशन डकारने के लिए

# देश की धरती को बंजर बनाने की साजिश

**अमेरिका समय बाधित परमाणु रिएक्टर लगाएगा भारत में**

भारत में भारतीय राष्ट्रीयकांग्रेस के नेता भले ही देश की मिट्टी की खरपतवार फसलें हों, जिन्हें दाना, पानी, खाद, सब देश से ही मिलता रहा है, परंतु काम ये केवल अपने आका ब्रिटेन और अमेरिका के लिए ही करते हैं, राष्ट्रगीत में उन्हें भाग्यविधाता कहकर जय कारे खुदने लगाए, वर्तमान पीढ़ी लगा रही है और धरती पर, भविष्य की पीढी जिसने हाल ही में कदम रखे हैं उनसे लगवाना शुरू कर दिए हैं।

स्वाभाविक है जब राष्टगीत में वंदना उन यूरोपियन आकाओं की जाएगी और गुलामी का गीत गाया जाएगा तो उनकी झूठन भी स्वयं चाटेंगे और देश की जनता को परोसेंगे, जैसा की हमारे महान भारत का पिछले दो-तीन हजार वर्षों की इतिहास रहा है, फिर अमेरिका, ब्रिटेन तो पिछले साठ वर्षों से अपना उपयोग के बाद

शेष पेज 7 पर

### प्रदेश के मुखिया का कार्यालय नंगे, भूखों और जालसाजों का अड्डा

# मुख्यमंत्री कार्यालय में पैसे नहीं लिफाफों के लिए

भोपाल। म.प्र. के मुख्यमंत्री शिवराजसिंग शक्ल से भले ही भोले बनकर छल रहे हो, पर मुख्यमंत्री कार्यालय प्रदेश का सबसे बड़ा जालसाजों का अड्डा है। यह जनता और पूरा देश व दुनिया जानती है। जहां हर पल कोई न कोई षड्यंत्र की रचना चलती रहती है। जनता के भविष्य के नाम पर कैसे अरबों रुपए की हेरफेर की जाती है। गाहे बगाहे छन-छन कर बाहर आती रहती है। वहां प्रदेश की जनता का चुना हुआ मुखिया, सत्ता के शीर्ष में बैठकर अपने दरबारियों के साथ पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, माफियाओं, सफेदपोश अपराधियों के साथ मिलकर शतरंगी बिसात पर बैठकर शासन तंत्र के मोहरों अपने फायदे के लिए ही हर काम करते हैं।

**पत्र बिना लिफाफे के भेजे जाते हैं मुख्यमंत्री कार्यालय से**

चंद्रगुप्त के गुरु चाणक्य ने लिखा है-"सत्ता सदा से ही षड्यंत्रकारियों का केंद्र रही है। यह तथ्य धर्मशास्त्रों, नीतिशास्त्रों, राजनीति, सबका सहस्त्रों वर्ष पुराना या यूं कहें कि जब से मानव सभ्यता का सामाजिकरण हुआ तब से ही सर्वमान्य कटु सत्य है।"

शेष पेज 2 पर

### यूरोपियन राष्ट्र अपने कुकर्मों के दुष्परिणामों को थोंप रहे गरीब राष्ट्रों पर

# वैश्विक ऊष्णता, कोपेनहेगन रहा असफल

विश्व में अमेरिका और सभी यूरोपियन राष्ट्र न केवल अपने उद्योगों, वरन् वाहनों में पेट्रोल और डीजल के उपयोग से अन्य विश्व की अपेक्षा 70% ज्यादा वायुमंडल को प्रदूषित करते हुए कार्बन डाई आक्साइड, कार्बनमोनो आक्साइड, ग्रीन हाऊस गैसेस के साथ ही उद्योगों से भी अन्य कई विषैली गैसों को उत्सर्जित करते हैं।

जिससे पृथ्वी के वायुमंडल में सूर्य किरणों की तीक्ष्णता को कम करने वाली संघनित आक्सीजन जिसे ओजोन कहा जाता है धीरे-धीरे विलीन होती जा रही है, जिसके दुष्परिणामों से पृथ्वी पर सूर्य की तीक्ष्ण किरणें सीधे प्रहार करती है, इसके फलस्वरूप पृथ्वी के निकट का वायुमंडल गर्म होने से ध्रुवों की बर्फ पिघलने से लेकर हिमालय के ग्लेशियरों की लुप्तता

शेष पेज 2 पर

**यूरोप कुकर्मों से भयभीत वातावरण की उष्णता का असर आएंगे तूफान दर्द की एकमात्र दवा है सघन वृक्षारोपण**

## सम्पादकीय

# सत्ता दानवों की-कल्याणी मानवों को

भारत के धार्मिक पुराणों, शास्त्रों में कंस, धृतराष्ट्र जैसे शासकों, राक्षसों का चरित्र वर्णित है, वो इतिहास की कल्पित कल्पनाएं भी माने जाएं तो भी दानवों, कंस, धृतराष्ट्रों की वर्तमान संदर्भ में भी संज्ञाएं नाम और चरित्र से से ही विद्यमान हैं। बस नाम और युग बदला है। परंतु इतिहास पुनरावृत्ति हो रहा है। कैसे राष्ट्र में पर्याप्त ऊपजों और खाद्यान्नों का भंडार है, परंतु जनता को दो वक्त की रोटी भी दुर्लभ हो रही है। सत्ता में बैठे दानवों में मनमोहनसिंह, मंत्री शरद पंवार, वाणिज्य मंत्री कमलनाथ, राष्ट्रवासियों के मुंह से निवाला छीन विदेशों को मात्र कमीशन खोरी के लिए बेच, छीन रहे हैं। पिछली फरवरी -09 में जो शक्कर 15 रुपए किलो थी वही इस जनवरी 10 में 45 रुपए किलो हो जाएगी। उ.प्र. में किसानों को गन्ने का लागत और मेहनत का मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है, जबकि शक्कर 300% महंगी हो गई, वही हाल महाराष्ट्र में भी है। वहां भी गन्ना उत्पादक आंदोलनरत हैं। पर सत्ता के दानवों को राष्ट्र के मानव की ये कल्पन और पीड़ा नहीं दिख रही, उन्हें बस दिख रहा है केवल धन कैसे और कहां से नोंचा जाए।

मानव सत्ता पाते ही मानव बन जाता है यदि वह सत्ता स्वीकारने वाले मानवों के हित चिंतन, विकास और समृद्धि का मार्ग अपने अधीनस्थ मानवों के लिए प्रशस्त करता है, जब वही सत्ता प्राप्त महामानव अपनी ही जनता को कष्ट, पीड़ा, मानसिक शारीरिक संत्रास बांट कर स्वयं सारे सुखों को भोगता है तो दानवों की श्रेणी में आ जाता है। जो अन्य अधीनस्थ मानवों के हितों पर कुठाराघात पर उन्हें दो वक्त का भोजन भी न मिलने दे उनकी मेहनत के फलों को भी छीन कर लालन-पालन में बाधा बनने लगे। कांग्रेसी दानवों का इतिहास रहा है कि वो मुंह से और मीडिया में अनुदानों जो शासन का ही पैसा जो जनता से करों के रूप में वसूला जाता है के दानवीर बनते हैं पर वास्तविक चरित्र में दानवों की परिपाटी निभाते हैं। जालसाजी, छलकपट, लूट का इतिहास दोहराते हैं। मानवों के रुलाते हैं, भूखा, सुलाते हैं। जनहित चिल्लाते हैं और सुनाते हैं वास्तविकता में जनहित स्वयं डकार जाते हैं। फिर भी मानवीय आदरणीय, सम्माननीय सोनियाजी, मनमोहनजी, शरद पंवार जी, कमलनाथ, के नारे लगवाते हैं। जबकि ये धूर्त, दानव जिन मानवों के वोटों से जीत कर आते हैं उन्हीं के हितों को कदम-कदम निगल जाते हैं। फिर भी जन के धन से राजमार्गों पर अपनी प्रशंसा के होर्डिंग्स लगवाते हैं। कदम-कदम पर दानवों को मुस्कारेत देख, मानव कलप जाते हैं। अपनें खून, पसीने की कमाई को बर्बाद देख हृदय से आंसू बहाते हैं। दानव अपनी वाहवाही करवानें, आतंकी हमले करवाते हैं। दंगे भड़काते हैं। दहशत फैलाते हैं। बाजारों में महंगाई लाते हैं। गरीबों को रुलाते हैं। जनता व मीडिया के सामने घड़ियाली आंसू बहाते हैं। चिल्लाते हैं महंगाई बहुत बढ़ गई है, गरीब को 2 वक्त की रोटी मुश्किल हो गई है। धीरे से फुस्कारते हैं, कमीशन के लिए फिर दोहराते हैं विदेशों से आयात करेंगे (सड़ा हुआ माल) गरीबों को भूखा नहीं सोने देंगे। बेरोजगारों को बांटते हैं वोट के लिए भत्ता, दानवों की ऐसी ही होती है सत्ता।

## वैश्विक ऊष्णता...

पेज एक का शेष

तक सामने आ रही है। वातावरण और पर्यावरण को बिगाड़ने वाले अमेरिका और यूरोपीय देशों जहां पर 4 से 6 माह तक बर्फ जमी रहती है, सबसे ज्यादा खतरा उत्पन्न होने लगा है। अपने इन पर्यावरण को बिगाड़ने वाले जो पूरे विश्व के अन्य राष्ट्रों के मुकाबले मात्रर 15% जनसंख्या होने के बाद भी स्वयं के साथ 85% पूरे विश्व के पर्यावरण को बिगाड़ने के लिए न केवल जिम्मेदार है वरन वैश्विक उष्णता के पृथ्वी की हजारों वनस्पतियों और अन्य हजारों जल, थल और नभचरों को नष्ट करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। ये धूर्त मक्कार संकर प्रजाति के राक्षसों को अब ये डर सताने लगा है कि यदि अब ये नहीं चेते तो प्राकृतिक आपदाओं, जिसमें भारी बर्फबारी, तूफान, सबसे ज्यादा इन्हीं को नष्ट करेंगे और नष्ट कर रहे हैं।

दूसरी ओर ये स्वयं सारे दक्षिण और उत्तरी अमेरिकी देशों साथ पूरे यूरोप जो अपने कुकर्मों को देखना तो नहीं चाहते परंतु एशियाई, अफ्रीकी देशों को अपने उत्सर्जन में कटौती करने के लिए दबाव बना रहे हैं, जबकि सबसे ज्यादा प्राकृतिक आपदाएं ये स्वयं यूरोपिय नहीं झेल रहे हैं, इन्हें डर यह सता रहा है कि इन गरीब अर्द्धविकसित, विकासशील देशों ने भी यदि उनकी ही तरह ग्रीनहाऊस गैसेज, विषैली कार्बन मोनोक्साइड गैसों का उनके वाहनों से औद्योगीकरण से यदि उत्सर्जन शुरू कर दिया तो यूरोपिय देशों में पूरे वर्षभर न केवल आपदाएं कहर ढाएंगी वरन उनके भी समुद्र किनारे बसे देशों का डूबने का सिलसिला निकट भविष्य में ही शुरू हो जाएगा। इसलिए हर हाल में अमेरिका राष्ट्रपति ओबामा-चीन जियाओ बांग, भारतीय मनमोहन और दक्षिण अफ्रीकी नेताओं के साथ मिलबकर किसी निष्कर्ष और उष्णता को कम करने के लिए डेनमार्क के कोपहेगन में प्रयास करते रहे। अकेले अमेरिका में कुछ प्रदेशों में 15इंच बर्फ दिसम्बर के तीसरे-चौथे सप्ताह में ही गिर गई, अमेरिकी राज्यों के समुद्र तटों पर गाहे बगाहे तूफान आते ही रहते हैं, अर्थात प्राकृतिक आपदाओं की भीषण त्रासदियां ज्यादा वातावरण बिगाड़ने वाले ही झेल रहे हैं।स्वाभाविक सी बात है कि डर और दहशत भी उन्हीं में ज्यादा है। इसके विपरीत स्वयं अपने उत्सर्जन पेट्रोल और डीजल की खपत, औद्योगिक प्रदूषण के साथ ही अमेरिका ही पूरी दुनिया में स्वयं परमाणु बमों के परीक्षण, जल और थल में करता है। जब जलमें करता है तो जो तूफान, भूकंप बाढ़, अतिवृष्टि आते हैं तो संकर शैतानों की ये फौज उसे सुनामी का नाम देकर बच लेती है और कहर एशियाई राष्ट्र झेलते हैं। दूसरी ओर थल पर हिन्दुकुश घाटी में भी उसने अक्टूबर 8,05 से लगातार 2 नवम्बर 05 तक लगातार और 2-3 चार दिनों के अंतर से भूमिगत बम विस्फोट कर पाकिस्तान, अफगानिस्तान, रूस, चीन और भारत को भूकंपों से आतंकित किया और खुले में शक्ति प्रदर्शन कर वास्तविकता मेंतो पूरे वातावरण में उष्णता ही बढ़ाई और पर्यावरण नष्ट किया, इन कुकर्मों पर अमेरिकी, नाटो और यूरोपीय शैतान लगाम नहीं लगाना चाहते उल्टे ही वैश्विक उष्णता के नाम पर विकासशील देशों यथाचीन और भारत पर दबाव बनाकर दोहरी चाल चलते हैं। पहले तो ये कि इस बहाने उनके यहां विकसित होते औद्योगीकरण को रोका जाए, साथ ही बढ़ते स्वचलित वाहनों यथा कार,, ट्रकों, बसों, मोटर सायकलों में पेट्रोल, डीजल के उपयोग को प्रतिबंधित कर अपने लिए पर्याप्त स्टाक बचाने का षड्यंत्र भी रच रहा है। ताकि सभी यूरोपीय राष्ट्रों को उनकी जनता और सैन्य उपयोगल के लिए पर्याप्त पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता अधिकतम समय तक बनी रहे, अन्यथा जिस तेजी से एशियाई राष्ट्रों में विशेषतौर पर चीन और भारत में वाहनों की संख्या के साथ पेट्रोल डीजल का उपभोग बढ़ रहा है इस शताब्दी के अंत तक समाप्त हो जाने की आशंका भी इन यूरोपियन और अमेरिकी शैतानों को कहीं न कहीं तो सता रही है। वैश्विक उष्णता के नियंत्रण के बहाने वो उत्सर्न केनाम पर औद्योगिकरण और पेट्रोल के उपभोग पर प्रतिबंध भी लगा सकें। जबकि पूरी दुनिया के कुल उपभोग का 50% अमेरिकी शैतान और 20 से 25% अन्य यूरोपीय राष्ट्र करते हैं।

डेनमार्क के कोपेहेगन में 192 राष्ट्रों के जो प्रतिनिधियों को एकत्रित करने का जो नाटक किया गया उसमें अमेरिकी और यूरोपियन शैतानों ने सारे प्रतिबंध एशियाई और तीसरी दुनिया के अफ्रीकी राष्ट्रों पर लगाने के लिए दबाव बनाया, इसके विपरीत स्वयं उन उपद्रवियों ने अपने ही कुकर्मों उत्सर्जनों से भयभीत है। कोई प्रतिबंध स्वीकार नहीं, यहां तक कि पूर्व की क्योटो संधि को भी नहीं माना।

संकर अमेरिकीयों श्वेतांग यूरोपियन व विश्व के 192 राष्ट्रों के शैतानों ने केवल सिक्के के एक पहलू को देखा दूसरे पहलू पर न तो ध्यान दिया न विचार-विमर्श, दर्द है तो दवा है और दवा है तो बीमारी भी खत्म की जा सके, परंतु दर्द हल्का ही किया ही जा सकता है। इस समस्या के निदान हेतु वर्तमान में

1. जंगलों को विकसित किया जाए, नए वनों के लिए शीघ्र व्यवस्था की जाए।
2. क्रांकीट के शहरी जंगलों में सघन वृक्षारोपण किया जाए।
3. प्रण लें कि एक व्यक्ति कम से कम दो पेड़ लगाए और संरक्षण करें।
4. हर चार पहिया छोटे वाहन के नए उत्पादन या बिक्री के साथ दो पेड़ लगाने संरक्षित करने, दो पहिया के लिए 1 पेड़ विकसित और संरक्षित किया जाए।
5. भारतीय रोड कांग्रेस के उस सिद्धांत का कड़ाई से पालन किया जाए, जिसमें सड़क की चौड़ाई के बराबर दोनों तरफ सघन वृक्षारोपण किया जाए, ताकि वाहनों से निकलने वाला सारा धुंआ दोनों तरफ से निकलने वाले कार्बन डाटईआक्साइड व मोनाआक्साइड पेड़ सोखकर शुद्ध आक्सीजन उत्सर्जित कर सके और न केवल पर्यावरण प्रदूषण रोका जा सके वरन् सड़कों की उम्र बढ़ाने के साथ यात्रा करने वालों का सफर सुहाना और ताजगीभरा हो।
6. बढ़ते शहरीकरण और कांक्रीट जंगलों के बीच हरियाली और सघन वृक्षारोपण अनिवार्य रूप से कानूनन बाध्य किया जाए।
7. वनों को संघनीकृत करने की अनिवार्य व्यवस्था हो, जिसके लिए सामाजिक अंकेक्षण की व्यवस्था हो।
8. कृषि भूमि पर 10% मात्र में सघन वृक्षारोपण, फलदार पौधों की अनिवार्यता हो।
9. जल, जंगलों, जानवरों के संरक्षण, स्कूली पाठ्यक्रमों में व्यवस्था की जाए, उचित परिणाम आने में 20-25 वर्ष लगेंगे, परंतु ये सभी तत्काल लाभप्रद होंगे।
10. औद्योगिक क्षेत्रों के विकास में उपयोग की गई भूमि से दुगुनी भूमि पर उद्योगों के चारों तरफ सघन वृक्षारोपण किया जाए। ताकि ग्रीन हाऊस गैसेस को वृक्ष आसानी से शोषित कर सकें, यदि उपरोक्त सुझावों पर ही अक्षरशः पालन कर लिया जाए तो भी वैश्विक उष्णता को रोका जा सकता है।

## मुख्यमंत्री कार्यालय...

पेज एक का शेष

जनता के नाम जनता के काम के नाम, आम आदमी के हितों का हर पल सौदा सत्ता ही बेरहम काम होता है। जनता के सामने जनता के दुख में शरीक होकर उनके साथ आंसू बहाने से न चूकने वाले पीछे क्या-क्या षड्यंत्र रचते रहते हैं उसका 1% भी जनता के सामने या मीडिया में नहीं आता, जो सामने आता है वो सच से मीलों दूर होता है। जिस मुखिया के कार्यालय में बैठे धूर्तों और मक्कारों की फौज कितनी निकम्मी, भ्रष्ट और बत्तमीज है इसका अंदाज मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त शिकायत के जवाब में पत्र क्र. 8344/ एल.एम.एस./ पी.यू.बी./2009 भोपाल दिनांक 12.10.09 को हस्ताक्षरित पत्र वहां से नवम्बर के अंत में प्रेषित किया गया जो इंदौर में 1.12.09 को मिला। जिस पर न तो लिफाफा था, उसी पत्र पर स्टांप मीशन से स्टपिंग कर मोड़ कर भेज दिया गया। बेशक पत्र गोपनीय स्तर का था, चलिए इसे भी त्याग दिया जाए, अगर यह मान लिया जाए कि मुख्यमंत्री कार्यालय भारी मितव्ययिता कर लिफाफे के 20 पैसे भी बचत करना चाहता है। बहुत प्रसन्नता की बात है, यदि ईमानदारी से यही मितव्ययिता पूरे प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में अपनाई जाए तो स्वाभाविक है शासन का प्रतिमाह करोड़-दो करोड़ खर्च बचेगा। इसके विपरीत सत्ता में बैठे चाहे मुख्यमंत्री, सचिवों, अधिकारियों अन्य मंत्रिय, संत्रियों के रग-रग में भ्रष्टाचार और वसूली के लिए जालसाजियां रची-बसी हों, उनकी मितव्ययिता मरम्मत के कोट पर पोलिथीन का पैबंद नजर आती है। जहां जनता की आंख का आंसू जब तक नहीं बहने दिया जाता जब तक उससे वसूली का स्त्रोत नहीं दिखता, जैसे ही आंसू का स्त्रोत वसूली स्त्रोत बनता है तो फिर आंसू पोंछने के लिए रूमाल नहीं कंबल और त्रिपाल लेकर दौड़ पड़ते हैं, ताकि आंसू वहीं बहता रहे और आंसू बहाने वाले को तब तक ढांक दिया जाए, जब तक उस स्त्रोत से अगली वसूली और आय का स्त्रोत



CM Monit-C



मुख्य मंत्री कार्यालय
मध्य प्रदेश

क्र.:8344/CMS/PUB/2009 — भोपाल, दिनांक:12/10/2009

विषय : श्री जी0एस0डामोर मुख्य अभियंता लो0स्वा0या0विभाग परिक्षेत्र इन्दौर द्वारा अनाधिकृत रूप से रूपये 4 करोड़ का एक्साईज भुगतान करवाकर शांसन को चूना लगाने बावत!

श्री अजमेरा एस0पी0कुमार द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को संबोधित पत्र मूलतः संलग्न है। निर्देशानुसार अनुरोध है कि पत्र पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें तथा की गई कार्यवाही से संबंधित को अवगत कराने का कष्ट करें।

कार्यवाही हो जाने के पश्चात विभाग के टर्मिनल में की गई कार्यवाही संक्षिप्त रूप में अंकित कर प्रकरण अपने स्तर से विलोपित करने का कष्ट करें।

कृपया आपके कार्यालय के आन्तरिक पत्राचार की प्रतिलिपि इस कार्यालय को पृष्ठांकित न करें।

अवर सचिव
मुख्यमंत्री

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

प्रतिलिपि :-

क्र.:8344/CMS/PUB/2009
श्री अजमेरा एस0पी0कुमार
299 अंबेडकर नगर, इन्दौर
की ओर सूचनार्थ अग्रेषित

अवर सचिव
मुख्यमंत्री

नजर न आने लगे।

इस बारे में दो महत्वपूर्ण उदाहरण जो ताजे हैं 3000 के ज्यादा सहकारी गृहनिर्माण संस्थाएं पूरे प्रदेश में 50वर्षों से सदस्यों को लूट कर संचालक करोड़पति, अरबपति बन रहे थे। उसमें जिला कलेक्टर, नगरनिगमसे लेकर मुख्यसचिवों, मुख्यमंत्रियों तक खुली वसूली और लूटपाट चल रही थी। सदस्य शिकायत करते थे हराहो जाती थी। जैसे ही बड़ी बहुराष्ट्रीय कालोनाइजर कं. ने हर वर्ष दो अरब रुपए मुख्यमंत्रीकार्यालय में फैंकने शुरू किए पहले वर्ष में उन्होने छोटीमोटी नजूल की सरकारी ग्राम पंचायतों की जमीनों पर अवैध कब्जे किए और उन्हें अड़चन न आए बड़ी-बड़ी कालोनियां देश के सभी बड़े शहरों में काटकर बड़े-बड़े अवैध क्रांकीट जंगल बिना उचित कानूनों के पालन का पालन किए खड़े कर दिया। 3-4 वर्षों में वो जब खड़े हो गए तो उन्हें बेचने के लिए ग्राहक चाहिए थे तो उन्होंने मुख्यमंत्री को फिर अरबों रुपए देकर ग्रहनिर्माण संस्थाओं पर शिकंजा कसने, जनता को सच्चाईयां बताने ऐसी संस्थाओं पर कार्यवाही करने व करवाने के लिए दबाव बनाया। 50वर्षों से उन गृहनिर्माण संस्थाओं के सदस्यों के आंसू नहीं पोछे गए जैसे ही बड़ी वसूली हो गई तो पुलिस, प्रशासन सब सक्रिय हो उठे, उनके आंसू पोंछने के लिए कानून का कंकाल और त्रिपाल लेकर दौड़ पड़े, जो लुट,पिट चुके थे उन्हें ढांकने की कोशिश की जा रही है।

सड़कों के मामले में सत्ता केषड्यंत्रकारियतों को समझ में आ गया कि सड़कें जनता की समृद्धि और विकास के लिए प्राथमिक आवश्यकता है, तो उन्होंने लोकतंत्र को लूटतंत्र बनाते हुए सभी महत्वपूर्ण राज्य व राष्ट्रीय राजमार्गों पर बीओटी लगाकर ठेकेदारों को लूटने और वसूली के लिए अधिकृत कर अधिकांश सड़कें 25से 30वर्ष के लिए बेच दी। हर सड़क में जो बीओटी पर दी गई 25% अग्रिम में इन तीन धूर्तों स.वि.नि. प्रबंध संचालक सुलेमान, मुख्य सचिव राकेश साहनी और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने डकारा और हर वर्ष लूट और वसूली जो टोल टेक्स के नाम पर वसूली जाएगी 10 से 25% उसमें भी वसूली की जा रही है और वसूली जाएगी, इनके लिए सारे नियम-कानून बलाए ताक रख दिए, यहां तक कि अधिकांश बीओटी ठेकेदारों ने सड़क निर्माण में लगाई गई गिट्टी, पत्थर, मुरम, रेती तक की रायल्टी का पूरा भुगतान म.प्र. खनिज विभाग तक को नहीं किया गया, आखिर शीर्ष सत्ता ही डकार रही हो तो फिर ठेकेदार से काहे की नियम-कानूनों के पालन की अपेक्षा की जा सकती है? मुख्यमंत्री कार्यालय में भले ही लिफाफे के पैसे न भी हो पर अरबों रुपए के ऐसे षड्यंत्रों को तोहर पल अंजाम दिया जाता है ये उदाहरण तो खोपड़ी के बाल भी नहीं।

## शादी नहीं सौदेबाजी...

पेज 8 का शेष

चाहिए जिसे अब वो जब चाहे जहां चाहे इच्छानुसार गले में पट्टा डालकर डोरी अपने हाथ रखकर अपनी सुरक्षा और समाज में समारोहों में अपनी अच्छानुसार प्रस्तुत कर सकें, अब चूंकि स्वयं स्त्रीयां आत्मनिर्भर हो गई हैं और कमाने लगी हैं तो जब मन में आए उसे खिलाएं, पिलाएं उपयोग करें अन्यथा पाले हुए श्वान की भांति घर के दरवाजे से बांध कर रखें, ताकि उनकी सामाजिक सुरक्षा बनी रहे।

अब जहां तक पुरुषों का सवाल है जैन, अग्रवाल, माहेश्वरी जैसा उच्च वैश्य वर्ग अपनी समाज की लड़कियों के चौंचलों और सौदेबाजी के चलते खुले में ढेर ग्रामीण आदिवासी और हरिजन लड़कियों से शादी दहेज देकर करने में भी न केवल आगे है, वरन् गृहस्थी बसाने के लिए लाखों रुपए भी खर्च करके दक्षिण भारत, महाराष्ट्र के महिला प्रधान क्षेत्रों से भी शादी करके ला रहे हैं।

जबकि इस समाजों में ही लड़कियों की कमाई के कारण उनके ही मां-बापों और रिश्तेदारों ने उन लड़कियों को 45-50 की उम्र भी पार करा दी, पर समाज के तथाकथित स्वयंभूओं ने भी उन्हें न तो आगाह किया और न ही सामाजिक दबाव बनाकर उनके माता-पिता को शादी के लिए दबाव डाला। वैसे भी जैनियों की संख्या जो सन 2000 में 1 करोड़ से ज्यादा थी। घट कर 2011 में 75 से 80 लाख ही रह जाएगी जैन समाज में 35 से 40 की उम्र के 30% लड़के कुंवारे हैं। पर इस समाज की दुकानदारी के कर्णधार स्वयंभू में इसे लेकर कोई चिंता नहीं है। जबकि 60% लड़कियां उच्च शिक्षित होने, कमाऊ होने, विधार व तलाकशुदा होने, धनाभाव या उनके परिवार के स्वार्थी होने या परिवार को जिम्मेदारी संभालने वाला कोई न होने के कारण अकेली निःसंदेह यह हाल लगभग सभी उच्चवर्गीय और शिक्षित में स्पष्ट दृष्टिगोचर है। पर समाजों के स्वयं-भू कर्णधारों को अपने स्वार्थों को पूरा करने के लिए वो समाज के मंच का उपयोग करते हैं। उन्हें समाज के पतन समुचित विकास और समाज के अन्य परिवारों की वास्तविक परेशानियों से कोई मतलब नहीं, कर्णधारों को स्वार्थ पूर्ति के लिए चंदा, भीड़ और मंच मिले उनकी आवश्यकता तक ही सीमित है। ताकी ये कर्णधार अपना चंदा चला सकें।

ये सब कारण बन रहे हैं कुंवारे बढ़ती पुरुषों की संख्या, स्त्रीयों की संख्या, कुंठाएं, बिखरते परिवार।

### जहां हाथ डालो, लूटपाट और भ्रष्टाचार से लबालब

# नगर निगम, पालिकाएं विशुद्ध डकैतों के अड्डे

## शिक्षा, खाद्य निरीक्षण, स्वास्थ्य, राशनकार्ड, बाजार, पेंशन सरकारी योजनाएं सबके रखरखाव, निर्माण कर व वसूली सबमें वर्षों से बैठे अजगर सब कुछ निगलने में लगे हों

**हर विभाग बिजली, पानी, सड़क, भवन अनुज्ञा, साफ सफाई सम्पत्तिकर व अन्य कर**

**इंदौर।**

नगर निगम, परिषदों और पालिकाओं में चाहे वो बड़े शहर की, छोटे शहर की या कस्बों की जहां भी निगाह जाती है, लूटपाट का तांडव और भ्रष्टाचार से लबालब भरे पाए जाते हैं। अधिकारी और पार्षद केवल कमाने आते हैं।

पूरे प्रदेश में बिजली की बचत के नाम, वैपर लैंपस, हाई पावव मर्करी बदल कर कानों कान खबर भी नहीं हुई और बदल गए, पहले उनको लगाने में करोड़ों रुपए जनता के धन से बर्बाद किए गए, जमकर क्रय करने में कमीशन खाया गया, रुपए का माल 4 रुपए से लेकर 10 रुपए तक में खरीदा गया, जैसे इंदौर, उज्जैन, नगरनिगम में रुपए 20 हजार का प्लास्टिक के पेड़ जो वर्ष भर में ही बंद हो गए, कहीं रुपए 80 हजार में तो कहीं रुपए 1,20 हजार में खरीदे गए, जबकि वास्तविकता में माल रुपए 10 हजार का भी नहीं था। पर हाय-रे कमीशन तेरी बलिहारी, यहां तो गोबर के लड्डू भी किसी सोने के भाव

खरीदते हैं। हरामखोर श्वानों क़ी फौज बस कमीशन भर मिलता रहे अकेले इंदौर में ही सारे शहर में बिजली बचत के नाम पर लगाई गई पतली ट्यूब लाइटों की खरीदी गई रुपए 10 करोड़ से ज्यादा की ट्यूब लाइटों में रुपए 5 करोड़ का कमीशन था। उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, सागर, जबलपुर, रीवा में भी कमीशन करोड़ों में ही डकारा गया, केवल ट्यूब लाइटों, उनके फिक्सचर्स, फिटिंग और बदलवाने में, बाकी रखरखाव के नाम पर औसतन रुपए 1 लाख का खर्च आ रहा है, बेशक कमीशन महापौर, निगमायुक्त, इंजीनियर, प्रभारी, पार्षद से लेकर वहां का चपरासी तक डकार रहा है।

कालोनी सेल, सफाई निर्माण, शिक्षा, बाजार, विभाग, बगीचा और पर्यावरण जल वितरण, चिड़िया घर, सड़कें, सम्पत्ति आवारा पशु, स्वास्थ्य सम्पत्तियों के रखरखाव, राजस्व, रिमूवन गैंग आदि सभी में चारों तरफ भ्रष्टाचार का तांडव मचा रहता है। निगमायुक्त से लेकर जल वितरण व निकासी के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, का.अ. सहा. यंत्री, उपयंत्री, वही निर्माण, सड़कों को भी संभालते हैं। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खाद्य की गुणवत्ता साफ-सफाई आदि भी देखते हैं। पर निगमों में होने वाले कानूनों की धज्जियां उड़ाने वाला तांडव और गैर कानूनी कार्यों को को करने वाला तांडव भी देखने योग्य होता है, स्वास्थ्य विभाग का डाक्टर और स्वास्थ्य अधिकारी, तकनीकी निर्माण से लेकर तोड़फोड़ आदि भी देखते हैं। पर निगमों में होने वाले कानून की धज्जियां उड़ाने वाला तांडव और गैर कानूनी कार्यों को करने वाला तांडव भी देखने योग्य होता है। स्वास्थ्य विभाग का डॉक्टर और स्वास्थ्य अधिकारी, तकनीकी निर्माण से लेकर तोड़फोड़ का प्रभारी बना दिया जाता है। डॉ. पुराणिक जैसे लोक रिमूवल गैंग के प्रभारी बन जाते हैं और गेडफंड को बचाने और कानूनी दांवपेंच फंसाकर धन कमाने में लग जाते हैं। पार्षद जैसे ग गोबर का जानने वाले अंगूठा टेक स्वास्थ्य समिति के प्रभारी बनाए जाएंगे, फिर क्षेत्रीय होने के कारण अपनी दोस्ती और दोस्ती निभाएंगे। चंदा दाता के गुण गाएंगे। नकली मावा, घी, दूध, मसाले, खाद्य तेल नकली पकड़े जाएंगे तो इन्हें जनता के भविष्य से नहीं वर्तमानसे मतलब है, कमाएंगे और बचाएंगे।

सफाई के नाम से दोस्तों के यहां का कचरा उठाएंगे और चंदा न देने वाले दुश्मनों के यहां फिकवाएंगे। जब वो चिल्लाएगा तो बोलेंगे निगम का काम है वो तो ऐसे ही होता है। सफाई करवाना है तोपैसे लगेंगे, जल वितरण और उसका राजस्वसे आय तो जनता वर्षों से भुगत ही रही है, पानी मिले न मिले बिल तो मध्यमवर्गीय, नौकरीपेशा को तो देनाही पड़ेगा, उनका भी जो मुफ्त के पानी से फैक्ट्रीयां और दुकानदारी चला रहे हैं। गाड़ियां, घर और कुत्ते नहला रहे हैं। नेतागिरी, अफसर गिरी कर रहे हैं। नेताओं को चंदा बांट रहे हैं, सफेद खद्दर धारियों को पाल रहे हैं, उनका भी वो बिल दें न दें चंदा तो देते हैं। पूरे प्रदेश में निगमों, पालिकाओं से लेकर ग्राम पंचायतों में जल राजस्व के नाम पर मात्र 40% जल राजस्व वसूल होता है।

वैसे भी राज्य सरकारों को पानी और बिजली जैसी उपभोक्ताओं की सेवाओं से कमाई के लिए न केवल अफसर वरन नेता मंत्री से लेकर पार्षदों की लार टपकती रहती है। राज्य सरकारें इन सेवाओं से सीधे कमाई के लिए इन सेवाओं को निजी हाथों में देकर दोनों हाथों, लूटने के लिए भारी बेताब दिखती है। इसलिए राज्य सरकारें पहले पूरे प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को बहुराष्ट्रीय कंपनियों, फिर नगरीय निकायों की व्यवस्था बहुराष्ट्रीय और बड़ी कंपनियों को सौंप कर जनता से भारी भरकम कीमतें वसूलेंगी, शहरीय निकायों में चलने वाली यहां तक की कचरा उठाने की व्यवस्था भी निजी कंपनियों को सौंपने का भी प्रयोग कर चुकी है, परंतु हर बार असफलता ही हाथ लगी है।

नगरीय निकायों में चुने हुए प्रतिनिधियों से लेकर कर्मचारियों और अधिकारियों सबकी निगाहें हर काम में लूटने खाने की रहती है। वहां फाइलें, रजिस्टर गुमने की घटनाएं बहुत सामान्य सी बातें हैं। चाहे वो कालोनियों की हो, बहुमंजिला भवनों,जानवरों के चिड़िया घरों, सफाई व्यवस्था में कर्मियों की भर्ती हो, स्वास्थ्य में प्रकरण लगाने सबमें लेनदेन कीजिए सब जालसाजों की मर्जी से हो जाएगा। आम जनता का ख्याल यहां केवल वोटों के दृष्टिकोण से ही रखा जाता है। निगम कानून किताबों में लिखी होते हैं किताबों के लिए होते हैं। पालन करवाना उनकी मर्जी औ धन के वजन पर निर्भर होता है। इंदौर को ही लें तो सूक्ष्म व्यवस्था तो दूर वृहत व्याख्या किस्से कहानियां यहां से निकलने वाले अनेकों दैनिकों में रोज ही भरे पड़े रहते हैं।अब प्रदेश की अधिकांश नगरीय निकायों में जो अभी नए चुने हुए पार्षद और महापौर निर्वाचित हुए हैं। जनता की सुख सुविधा और आदर्श की बातें चुनाव के पहले नारों और वादों के लिए थी। चुनकर पद संभालने के बाद अब ये खद्दरधारी सफेद डकैत उन्हीं कामों में हाथ लगाएंगे, जिनमें इन्हें कमाई और वसूली दिखेगी, फिर कमाई वसूली के तरीके भी बहुत सारे हैं, नियमों के विपरीत बिना टेंडर अपने लोगों में कई गुना ज्यादा कीमत पर माल खरीदना, काम करना शर्तों में दर्शित स्तर के विफरीत घटिया स्तर का माल खरीदना, काम करवाना, जैसा कि सड़कों भवन निर्माण से लेकर विद्युत सामग्री, साफ-सफाई सामग्री से लेकर कचरा ढोने के ट्रकों, पाईप लाईनों, सीवन लाइनों जैसे अरबों रुपए के प्रोजेक्ट में पूरे देश-प्रदेश, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर व प्रदेश के 150 से ज्यादा नगरी निकायों में हुआ हो रहा है, होगा, सफेदपोश डकैत निर्वाचित या नियुक्त बटोरने के लिए होते हैं।

### म.प्र. खाद्य एवं औषधि प्रशासन जनहित से नहीं सरोकार पैसे फेंकों,तमाशा देखो

# भ्रष्ट निरीक्षकों को महीना दो सब कुछ मिलावटी बेचो

**भोपाल।**

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मुख्यालय में बैठे नियंत्रण जिसे खाद्य एवं औषधि का क,ख,ग नहीं आता, दूसरा राज्य प्रशासनिक का अधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने इँडियन एव्यूसिंग सर्विस अधिकारी बनने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर पदोन्नतियां प्राप्त की है। स्वाभाविक है वो श्वान धन नोंचने के लिए यहां बैठा है, उसे तो म.प्र. खाद्य अपमिश्रण निवारण अधि. 1954 और ड्रग्स एंड कास्टमेटिक एक्ट 1940 की अ.आ.इ.ई. भी नहीं जानता उसे तो वहां बैठे चार उपनियंत्रक औषधि के और वरिष्ठ खाद्य निरीक्षक यह बता देते हैं कि यहां हस्ताक्षर की चिड़िया बैठाने के इतने लाख मिलेंगे ये बंदा बस आंख मींचकर हस्ताक्षर कर नोट अंटी कर लेता है।

स्वाभाविक है पूरे प्रदेश के खाद्य एवं औषधी निरीक्षक कैसा तांडव कर रहे होंगे अंदाज लगाया जा सकता है। खाद्य एवं औषधि के पूरे प्रेदश के सारे निरीक्षक बड़ी-बड़ी फैक्ट्रीयों जो आषधिया और खाद्य वस्तुओं का प्रसंस्करण कर या सीधे ही पेक करती हैं। इन श्वानों को हर महीने टुकड़ा डालकर धड़ल्ले से औषधियों खाद्य पदार्थों से मिलावट कर पूरे प्रदेश की जनता को परोस रही है, इसलिए सभी बड़ी औषधि निर्माता से महीना खाने के साथही अगर उनके नमूने स्तरहीन पाए भी जाते हैं तो उन्हें मोटे-मोटे स्तरहीन दंड देकर बचा लिया जाता है और छोटी-छोटी फैक्ट्री मालिकों को जो इनकी मांग पूरी नहीं कर पाते हैं उन्हें प्रकरण लादकर वाहवाही लूटी जाती है और सरकार व जनता के सामने लक्ष्य और उपलब्धियां दिखाई जाती है।

वर्तमान में म.प्र. खाद्य एवं नियंत्रक विभाग नगर पालिका और पंचायतों की तरह काम कर रहा है, जब नियंत्रक ही अनपढ़ सरपंच और महापौर की तरह काम कर रहा है भाड़ में जाए जनता और उसके हित खाद्य एवं औषधि के सभी निरीक्षकों से महीना वसूली कर उन्हें खुली छूट पूरी लूट की इनकी बला से जनता कुछ भी खाए-पिए नियंत्रक को इससे कोई सरोकार नहीं,ये तो आंख मींच कर धन कहां से आएगा, आ रहा है को जपने के लिए यहां बैठा है। बेशक स्वास्थ्य मंत्री अनूप मिश्रा को देकर ही यहां बैठा है, तो मात्र वसूली के लिए जैसे भूतपूर्व नियंत्रक सलोनी सिंग करती थी, वही हाल इसका है। जबकि बड़ी-बड़ी कंपनियां जिसमें रेन बैक्सी, प्लेथिको, ल्यूपिन इफ्का आदि जो अपने आप को अंतरराष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय की श्रेणी में रखती है रुपए 5 के खाद्य लायसेंस जो नगर निगम से ही बन जाते हैं पर नट्रस्विंट टाइट के डिब्बे बाजार में सैकड़ों गुना ज्यादा कीमत पर बेच कमारही है ये आँखें मीचें बैठे तक रहे हैं।

सभी दैनिक समाचारपत्रों में स्तन कड़े करने, लिंग लंबा करने, लंबाई, मोटाई बढ़ाई, वजन कम करने जैसे अश्लील और भ्रामक विज्ञापनों से भरे पड़े हैं। न केवल नियंत्रक, वरन पूरी म.प्र. सरकार केवल वसूली में लगे रहकर ऊंघ रही है। जबकि जनता की युवा पीढ़ी इन भ्रामक विज्ञापनों से भ्रमित होकर हर रोज करोड़ों रुपए दांव पर लगा रही है और बर्बाद हो रही है, पर न तो ये ड्रग्स एंड कास्टमेटिक एका. 1940 में कार्यवाही कर पा रहे हैं न ही नोटों की हरियाली के सूरदासों को मेडिकल कोड एंड ईथिक्स ऑफ पब्लिकेशन ऑफ एडवरटीजमेंट एक्ट 1956 के अंतर्गत कोई कार्यवाही करने में न जो जिलाधीश न ही कोई न्यायालय, कोई कार्यवाही कर रहे हैं, जबकि सारे न्यायाधीश उच्च न्यायालयों के साथही सत्र व जिला न्यायालयों के वर्षों से ऐसी बकवास अखबारों में हर रोज देख रहे हैं।

भोपाल के मुख्यालय से लेकर सभी जिलों के उपसंचालक स्तर पर बैठे निरीक्षक, सारे के सारे केवल वेतनके बदले कागजी खानापूर्ति कर चारोंत रफ मात्र वसूली में लगे हैं। इस विभाग से सूचना के अधिकार में प्राप्त दस्तावेज बताते हैं कि इस विभाग की खाद्य प्रयोगशाला में हर महीने औसतन 2500 खाद्य के नमूने भेजे जातेहैं जिसमें से 95% नमूने मिलावटी होते हैं। बेशक इंदौर, देवास, उज्जैन, धार, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पूरे प्रदेश में बैठे अधिकांश खाद्य निरीक्षक जो लगभग 256 हैं। हर माह रुपए 2 से 3 लाख वसूली कर अधिकांश बहुराष्ट्रीय कं., बड़ी कंपनियों, मिलावटियों, पेकर्स, प्रसंस्करण करने वालों से वसूला जाता है। छोटे उत्पादकों, विक्रेताओं से नमूने लेने के नाम पर चमका-धमका, भयभीत कर वसूली की जाती है और नमूने असली माल के लेकर प्रयोगशाला में भेजे जातेहैं। यदि यहां सौदा नहीं पट पाता तो रुपए 10 से 25 हजार लेकरस्वयं प्रयोगशाला का लोक विश्लेषक आर.पी. मिश्रा पैसे लेकर जांच रिपोर्ट ही बदल देता है। म.प्र. खाद्य प्रयोगशाला के इस लोक विश्लेषक के पास वर्तमान मेंही रुपए 50 करोड़ से ज्यादा की नामी-बेनामी सम्पत्ति है।

म.प्र. के सभी 50 जिलों में बैठे खाद्य निरीक्षकों जो न केवल महाभ्रष्ट वरन् महाजालसाज भी हैं, इस नियंत्रक राकेश श्रीवास्तव को महीना या तिमाही, छह माही, वार्षिक किस्त लाखों में इन जालसाजों से मिल जाती है तब ही वो 3-3 वर्ष से ज्यादा होने पर भी ये निरीक्षक एक ही स्थान पर डंटे रहते हैं। इंदौर में सचिन लोंगरिया, उज्जैन में खा.नि. अरविन्द पथरोल, देवास में बैठी खा. नि. सुषमा पथरोल को व प्रदेश ऐसे ही अनेकों निरीक्षकों को बैठे वर्षों गुजर गए पर इन हरामखोरों के स्थानांतरण नहीं हुए।

भोपाल में बैठा नियंत्रक और उसकी पूरा स्टाफ कितने हरामखोरों और जालसाजों का अड्डा है यह सारे तथ्य सूचना के अधिकार में दिए गए पत्रों, अपीलों के जवाब से मिलता है। दूसरा नियंत्रक कितना नियंत्रण कर पा रहा है, विभागीय गतिविधियों और जनहितों पर कितना ध्यान दे पा रहा है, इसका अँदाजा इसी बात से लगता है कि इसके नवम्बर 09 में आदेश के बाद भी इंदौर उज्जैन संभागों के सभी जिलों को उपसंचालकों खाद्य एवं औषधि ने तीन माह बाद भी अभी तक सारी जानकारी नहीं भेजी। जब ये सारे खाद्य एवं औषधि निरीक्षक अपने नियंत्रक के आदेश को नहीं सुनते-मानते तो जनता के स्वास्थ्य से जुड़े इस विभाग में कैसा भ्रष्टाचार और जालसाजियां हर कदम की जा रही होंगी अंदाजा लगाया जा सकता है।

### रु. ४000 से ५000 में नए घरेलू कनेक्शन

## सरकारी घोषणा रु. 1000 की बाकी सब लूट

**इंदौर।** सभी भारत सरकार की तेल कंपनियां अर्थात भारत पेट्रोलियम हिन्दुस्तान और इंडियन आईल तीनों ही, ओएनजीसी और गैस अथारिटी ऑफ इंडिया की गैस पाईप लाईन बिछते देख जनता से माल बटौरने में और सही अर्थों में ठगने में जुट गई है। इसलिए अधिक से अधिक गैस कनेक्शन देकर जनता को फांसना चाहती है। जैसे ही गैस पाईप लाईन से गैस मिलना शुरू होगी ग्राहक अपने-अपने गैस कनेक्शन वापस कर जमा राशि मांगने दौड़ेंगे इसलिए उस कमाई को स्थाई बनाए रखने, कमीशन डकारने और व्यवसाय चलाने और बचाने के लिए धड़ल्ले से गैस कनेक्शन देने की मात्र रुपए 1000/- में घोषणा तो कर दी गई, परंतु डीलर तो इस स्वर्णिम अवसर को भुनाने की ताक में ही रहता है। इंदौर के इन तीनों कंपनियों के डीलर रुपए 4200/- से रुपए 5000/- वसूल कर जबरदस्ती रुपए 2500/- का चूल्हा भी टिका रहे हैं। रुपए 50 का गैस रेल्यूलेटर रुपए 200 में बेच रहे हैं। इन सबके विपरीत रसीद रुपए 1650/- मात्र की ही दी जा रही है। इस संबंध मेंखाद्य नियंत्रक या नागरिक आपूर्ति का वसूली नियंत्रक धूर्त परमार जो 5 वर्ष से बैठा है और उसके वसूलीकर्ता धूर्त दरबारी मीना सेंगर व अन्य सभी ये वही मीना है जिसे इंदौर में कुंडली मारे बैठे 20 वर्ष से ज्यादा हो गए। जब ज्यादा हल्ला मचता है तो साल छह महीने अपने कुकर्मो से भड़की आग को शांत करने यहां वहां चला जाता है और फिर लौट कर इंदौर में। से पूछताछ की गई तो वही इस जालसाज परमार का रटा रटाया जवाब नहीं कहीं से कोई शिकायत नहीं है, आप शिकायत करेंगे तो हम जांच (मोटी वसूली) करेंगे और फिर बताएंगे। सरकारी घोषणावीर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री और राज्यों के मंत्री घोषणाएं तो बढ़ी-बढ़ी करते हैं। बेशक घोषणाओं से पहले वसूली और जनता को लूटने के षड्यंत्रों की कूट रचना पहले कर ली जाती है। चाहे वो गैस कनेक्शन से लेकर नल कनेक्शन है। सरकार घोषणावीर घोषणाएं ही इसीलिए करते हैं, ताकि जनहितों की आड़ में स्वहित ऊपर से लेकर नीचे तक और नीचे से लेकर ऊपर तक लेनदेन की प्रक्रिया में सबको अपना-अपना हिस्सा तरीके से मिलता रहे। 48घंटे में गैस मिल जाएगी, कम से कम म.प्र. के 350 से ज्यादा डीलर और तेल कंपनियों ने तो नहीं दे रही क्या कर लिया केंद्र और राज्यों के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने फिर गैस कनेक्शन और सिलेण्डर ही क्यों? क्या पेट्रोल पम्पों पर साधारण पेट्रोल 60 आक्टेन का और प्रीमियम 80 आक्टेन का मिल रहा है। नहीं कल 35 रुपए लीटर के पेट्रोल 25 रुपए लीटर के डीजल में भी मिलावट हो रही थी और अब रुपए 50 लीटर के पेट्रोल और रुपए 33 लीटर के डीजल में भी मिलावट हो खाद्य विभाग के मंत्री, जिलों के नियंत्रक और निरीक्षक कल भी महीना वसूल रहे थे और आज भी वसूल रहे हैं। कल भी पेट्रोल डीजल मिट्टी तेल मिलाया जा रहा था और आज भी मिलाया जा रहा है। प्रदेश और देश के हर जिले की यही कहानी है। जब तक जांच के ऊपर नियंत्रण और नियंत्रण पर भी जांच की दोहरी गलाकाट प्रतियोगिता नहीं होगी और एक दूसरे के विपरीत कार्य शैली की प्रणाली लागू नहीं की जाएगी सब लूट पाट करेंगे।

## लोक निर्माण विभाग प्रधान सचिव के भ्रष्टाचार का तांडव

# डकैत सुलेमान वसूली के लिए हर कदम रच रहा षड्यंत्र

## नियमों, कानूनों की, वसूली के लिए, उड़ा रहे धज्जियां, कर रहे तांडव

**भोपाल।**

म.प्र. लोक निर्माण विभाग के जोनल और मंडल कार्यालयों को बंद करने, वहां बैठे प्रमुख अभियंताओं, मंडल अभियंताओं को अधिकार विहीन बनाने के लिए खैरात में बैठाए गए विद्युत यांत्रिकीय के प्रमुख अभियंताओं शैलेन्द्र शुक्ला के साथ मिलकर प्रधान सचिव, म.प्र. सड़क विकास निगम में आठवर्ष से अजगर की तरह लिपटा बैठा मो. सुलेमान हर कदम षडयंत्र रच कर अरबों रुपए प्रतिवर्ष की वसूली कर रहा है, सारी प्रदेश की अच्छे यातायात वाली सड़कों को बीओटी ठेकेदारों को 25 से 30वर्ष के लिए सौंपकर चाहे सड़क सिंगल लेन 15 फुट की हो क्यों न हो दोनों हाथ वाहन चालकों व मालिकों से लूट व वसूली का तांडव कर रहा है, जिसे मात्र समयमाया पिछले 7वर्षों से लगातार प्रकाशित कर रहा है, जबकि अधिकांश बीओटी सड़कों पर वसूली करके 6-7 वर्ष गुजरने के बाद भी दोनों ओर पट्टियां नहीं भरी गई है सड़कें न केवल खराब वरन असुरक्षित होने के बाद भी बीओटी ठेकेदार में दरें बढ़ाकर अवश्य वसूली कर रहे हैं, इसके विपरीत सड़क निर्माण विभाग में बैठे संभागीय कार्यालयों में लोक निर्माण विभाग के महाभ्रष्ट इंजीनियरों को चुन-चुन कर बैठाया ही इस शूकर सुलेमान ने बैठाया ही इसलिए है कि उसके लूट और वसूली में कोई परेशानी न आए, जहां तक मुख्यमंत्री शिवराजसिंग और मुख्य सचिव राकेश साहनी का साला है, जबकि इन्हें सैकड़ों शिकायतें हर रोज सड़कोंसे संबंधित पूरे म.प्र. की जनता कर्मचारियों, अधिकारियों से मिल रही है। परंतु ये अर्थ चिंतन में लीन हो केवल नोटों की माला जपने में लगे हैं। इन्हें मालूमहै इनकी औकात कि कितने दिन सत्ता में रहना है, बस अर्थ चिंतन करो जनता लुटे या मरे वह लुटने और मरने के लिए पैदा हुई है।

समयमाया की सत्यता और कड़वी नीम की औषधि का असर जनता पर हो न हो परंतु लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियोंको सत्यता जब समझ में आ रही है जब उनकी नौकरियां और अस्तित्व खतरे में पड़ने लगा है। तब इन दोनों खैरातीलाल प्रमुख अभियंता शैलेंद्र शुक्ला और सफेद पोश डकैत इंडियन एव्यूसिंगसर्विस अधिकारी मो. सुलेमान के षड्यंत्रोंकीशिकायत मुख्यमंत्री जो स्वयं सत्ता के तालाब में बैठकर बगुलों की तरह धन रूपी 24घंटे अर्थ चिंतन में लगा रहता है, कैसे सुनेगा कर्मचारियों और अधिकारियों की पुकार, फिर भी मुख्यमंत्री को की गई शिकायत की प्रति यहां संलग्न है-

महोदय,

उपरोक्त विषय मेंनिवेदन है कि लोक निर्माण विभाग में विगत कुछ दिनों से उच्चशीर्ष पर पदस्थ पदाधिकारियों द्वारा मातहत परिक्षेत्रीय/ मंडल कार्यालयों को समाप्त किए जाने की मुहिम छेड़ी गई थी, लेकिन इस प्रयास का खुलासा हो जाने से पुरजोर विरोध होने के कारण इस मुहिम को रोक दिया गया एवं उच्च शीर्षपर पदस्थ पदाधिकारियों को मुंह की खाना पड़ी।

इससे शीर्ष पद पर पदस्थ पदाधिकारियों ने अपने इस प्रयास को नए रूप में अमलीजामा पहनाने के लिए अधिनस्थ कार्यालयों के कार्यों को शासन के नियमों की अवहेलना करते हुए अवैधानिक रूप से अपने हाथ में लेकर इन कार्यालयों को बंद करने के प्रयास किए जा रहे हैं जिसके उदाहरण निम्नानुसार हैं-

1. निविदा आमंत्रण के लिए म.प्र. शासन, लोक, निर्माण विभाग भोपाल द्वारा उनके पत्र क्र. डी/योजना/61/19 भोपाल, दिनांक16.5.2001 द्वारा कार्यपालन यंत्री/अधीक्षण यंत्री/ मुख्य अभियंताओं अधिकार दिए हैं, शासन द्वारा इस संबंध में प्रमुख अभियंता को किसी प्रकार के अधिकार नहीं सौंपे गए हैं, लेकिन प्रमुख अभियंता द्वारा अपने पत्र क्र. 401/सा/1045/सी.एस.एस./3694 दिनांक 26.10.2009 से मुख्य अभियंता (सीएसएस) का गठन कर सी.आर.एफ. योजना के तहत विभिन्न कार्यों को रुपए 490.00 करोड़ की निविदाएं प्रमुख अभियंता कार्यालय में आमंत्रित की गई जो नियमों के विरुद्ध है जबकि इसके लिए परिक्षेत्रीय कार्यालय/ मंडल कार्यालय एवं संभागीय कार्यालय में पदस्थ अधिकारी सक्षम हैं।

2.तकनीकी स्वीकृति के लिए म.प्र. शासन वि.वि. मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप क्र. 879/2008/नियम/चार/395 दिनांक 23.5.2008 से कार्यपालन यंत्री को रुपए 20.00 लाख अधीक्षण यंत्री को रुपए 3.00 करोड़ तक तथा मुख्य अभियंताओं को सम्पूर्ण अधिकार दिए गए हैं। प्रमुख अभियंता को तकनीकी स्वीकृति के कोई अधिकार नहीं दिए गए हैं। शासन द्वारा दिनांक 18.12.2009 के माध्यम से 24 मुख्य जिला मार्गों के कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। जिसके लिए भी प्रमुख अभियंता कार्यालय को तकनीकी स्वीकृति के किसी प्रकार के अधिकार न होने पर भी प्रमुख अभियंता ने अपने पत्र क्रमांक 236/मुख्य जिला मार्ग/ 09/4062/दिनांक 29.12.2009 द्वारा एक प्रकोष्ठ गठित किया जाकर नियम विरुद्ध तकनीकी स्वीकृति आदि दिए जाने की कार्यवाही की जा रही है।

3. म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग भोपाल मंत्रालय भोपाल के आदेश क्र. एफ. 15-7/19/बजट/90 भोपाल दिनांक 15.5.2000 द्वारा आवश्यक सामग्री क्रय की अनुमति हेतु मुख्य अभियंता को अधिकृत किया गया है, लेकिन प्रमुख अभियंता द्वारा अपने आर्थिकहितों के संधारण के लिए शासन की अवहेलना करते हुए उनके पत्र क्र. 404/सा/050/क्रय/3311 दिनांक 30.9.2009 द्वारा मार्ग से संबंधित आवश्यक सामग्रीयों के क्रय के लिए उनके कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया। इस प्रकार इस कार्य का भी अतिक्रमण किया है। इनकी यह कार्यवाही अधिनस्थ कार्यालयों के अधिकारों में शासन की अनुमति बगैर किया गया सीधा-सीधा अतिक्रमण है।इसकी जांच भी का जाए।

4. म.प्र. शासन वित्त विभाग द्वारा परिक्षेत्रीय/मंडल कार्यालयों में पदस्थ मुख्य अभियंता/ अधीक्षण यंत्री को अधिकार प्रदान किए गए हैं। इन अधिकारों का उपयोग मंडल/परिक्षेत्र में पदस्थ अधिकारी ही कर सकते हैं। कार्यालय में संलग्न किसी भी अधिकारी (कार्यपालन यंत्री से मुख्य अभियंता तक) को पृथक से कोई वित्तीय अधिकार प्रत्यायोजित नहीं किए गए हैं, क्योंकि यदि कार्यालय में संलग्न अधिकारियों को इस तरह के अधिकार प्रदान किए जाते तो अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो जाती, क्योंकि संलग्न अधिकारी मेदानी पदस्थ अधिकारियों के अधिकारों का उपयोग कर समानांतर कार्य करने लगते। वित्त विभाग से अधिकार प्राप्त किए बगैर /शासन की बगैर अनुमति के प्रमुख अभियंता कार्यालय में संलग्न मुख्य अभियंताओं को जो मुख्य रूप से मुख्य अभियंता भी नहीं है, बल्कि अधीक्षण यंत्री है. के द्वारा निविदा आमंत्रण एवं तकनीकी स्वीकृति दी जा रही है। जो नियम विरुद्ध होकर जांच का विषय है।

निविदा आमंत्रण/ तकनीकी स्वीकृति के अधिकार वित्त विभाग द्वारा क्रमशः परिक्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ मुख्य अभियंता एवं मंडल कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण यंत्री को प्रदान किए गए हैं। इन अधिकारियों से यह कार्य न लिया जाकर प्रमुख अभियंता कार्यालय में संलग्न अधिकारियों से यह कार्य बगैर अधिकार के सम्पादित कराकर समानांतर कार्यालय चलाए जाने का नियम विरुद्ध प्रयास किया जा रहा है। परोक्ष रूप से इन कार्यालयों के कार्यों का नियम विरुद्ध अतिक्रमण कर इन कार्यालयों को बंद करने की दिशा में उठाया जा रहा कुत्सित कदम है। जो एक गंभीर अनियमितता के साथ अधिकारियों द्वारा स्वयं के आर्थिक हितों के संधारण में किया जा रहा कार्य है जो गहन जांच का विषय है।

अतः हम समस्त स्थानीय ठेकेदार/ कर्मचारी/अधिकारी जनहित में आपसे अपेक्षा करते हैं कि इस केंद्रीकरण की नीति के तहत लोक निर्माण विभाग के अधिनस्थ कार्यालयों के अधिकारों का किए जा रहे केंद्रीकरण को तत्काल समाप्त किया जावे तथा जिन अधिकारियों द्वारा अधिकार के बिना किए जाना आर्थिक हितों में किए जा रहे अनियमित कार्यों की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को दण्डित करने की कृपा करें।

निवेदक

समस्त कर्मचारी/अधिकारी/ठेकेदार, लोक निर्माण विभाग

प्रतिलिपिः-

1. वित्त मंत्री, म.प्र. शासन भोपाल की और प्रेषित कर निवेदन है कि आपकी स्वीकृति एवं अधिकारों के बगैर प्रमुख अभियंता कार्यालय में निविदा आमंत्रण एवं तकनीकी स्वीकृति के अधिकार न होने पर भी उनके द्वारा किए जा रहे नियम विरुद्ध ऐसे कार्यों की जांच कराई जावे।

2. लोक निर्माण मंत्री म.प्र. शासन भोपाल की और निवेदन है कि वित्त विभाग एवं आपकी स्वीकृति के बगैर प्रमुख अभियंता कार्यालय में आमंत्रण एवं तकनीकी स्वीकृतिके अधिकार न होने पर भी उनके द्वारा किए जा रहे नियम विरुद्ध ऐसे कार्योंकी जांच कराई जावे।

3. श्रीमती जमुनादेवी, नेता प्रतिपक्ष भोपाल

4. श्री अजय सिंह माननीय विधायक भोपाल

और प्रेषित कर निवेदन है कि लोक निर्माण विभाग में प्रमुख अभियंता कार्यालय स्तर पर किए जा रहे निविदा आमंत्रण एवं तकनीकी स्वीकृति आदि के कार्य नियम विरुद्ध है इस प्रकार के कार्य के अधिकार इस कार्यालय को प्राप्त नहीं है। इस विषय पर अपने स्तर पर विधानसभा आदि में विरोध प्रदर्शन करने की कृपा करें।

5. अध्यक्ष, मानवाधिकार आयोग, भोपाल की ओर भेजकर निवेदन है कि प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा उपरोक्तानुसार कार्यवाही कर कर्मचारियों/ अधिकारियों का हनन किया जा रहा है। इस विषय पर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

6. रजिस्ट्रार, म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर की ओर प्रेषित करे निवेदन है कि जनहित के इस मुद्दे को संज्ञान लेकर अपने स्तर से शीघ्र कार्यवाही करने की कृपा करें।

7. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी भोपाल/ ग्वालियर की ओर भेजकर निवेदन है कि आपके द्वारा लोक निर्माण विभागों प्रमुख अभियंता में पदस्थ वरिष्ठ लेखाधिकारी एवं के संभागीय कार्यालयों में पदस्थ लेखाधिकारियों द्वारा भी उक्त नियम विरुद्ध कार्यवाही को शासन एवं आपके ध्यान में नहीं लाया जा रहा है। इससे इकी कार्य प्रणाली भी संदिग्ध प्रतीत होती है। कृपया इस नियमानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

8. प्रमुख सचिव, वित्त म.प्र. शासन भोपाल की और भेजकर निवेदन है कि प्रकरण की जांच कराई जाने का कष्ट करें।

9. लोकायुक्त कार्यालय भोपाल की और प्रेषित कर निवेदन है कि जनहित के इस मुद्दे पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा आर्थिक लाभ संधारण हेतु किए जा रहे अनियमित कार्य की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करें।

10. आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो भोपाल की और प्रेषितकर निवेदन है कि जनहित के इस मुद्दे पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा आर्थिक लाभ संधारण हेतु किए जा रहे अनियमित कार्य की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करें।

11. प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग की ओर प्रेषित कर निवेदन है कि जनहित के इस मुद्दे पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा आर्थिक लाभ संधारण हेतु किए जा रहे अनियमित कार्य की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करें।

12. प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग भोपाल की ओर भेजकर निवेदन है कि आपके द्वारा की जा रही नियम विरुद्ध कार्यवाही कर तत्काल रोक लगाई जावे।

13. समस्त मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग अपने अधिकारों पर अवैध रूप से किए जा रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए कठोर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

14. समस्त अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग अपने अधिकारों पर अवैध रूप से किए जा रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए कठोर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

15. अध्यक्ष, लेखाधिकारी संघ भोपाल की ओर प्रेषित कर निवेदन है कि संभागों में पदस्थ लेखाधिकारियों के अधिकारों के हनन को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

16. अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संघ भोपाल की ओर प्रेषित कर निवेदन है कि अधिनस्थ कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों के अधिकारों के हनन को रोकने के लिए कठोर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

17. अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ भोपाल की ओर प्रेषित कर निवेदन है कि अधिनस्थ कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों के अधिकारों के हनन को रोकने के लिए कठोर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

18. अध्यक्ष लिपीक कर्मचारी संघ भोपाल की और प्रेषित कर निवेदन है कि अधिनस्थ कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों के अधिकारों के हनन को रोकने के लिए कठोर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

19. अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी कांग्रेस, भोपाल की ओर प्रेषित कर निवेदन है कि अधिनस्थ कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों के अधिकारोंके हनन को रोकने के लिए कठोर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

20. अध्यक्ष ठेकेदार एसोशिएशन भोपाल/इंदौर/जबलपुर/ग्वालियर की ओर प्रेषित कर निवेदन है कि स्थानीय ठेकेदारों को कार्य से वंचित किए जाने हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा आमंत्रित निविदाओं के विरोध में कठोर कदम उठाने का कष्ट करें।

निवेदक

समस्त कर्मचारी/अधिकारी/ठेकेदार

लोक निर्माण विभाग

## जिनपिंडों ...

पेज एक का शेष

विस्तृत कर उन पर यान उतारना दिखा देना और विश्व के पढ़े-लिखे मूर्खों पर अपनी दहशत के साथ सर्वोच्चता स्थापित करना, ये कार्य अमेरिका पिछले 60वर्षों से ज्यादा समय से न केवल कर रहा है, वरन अपने कुकर्मों और करतूतों में सफल भी रहा है, जबकि पढ़े-लिखे मूर्खों के पास सामान्य ज्ञान को खर्च करने की भी क्षमता खो जाती है। क्योंकि सामान्य ज्ञान के लिए भी दिमाग की नसों पर जोर देना पड़ता है, जबकि अंतरिक्ष में जब सब शून्य है तो आपके सारे यानों की शक्ति भी शून्य हो जाएगी। ईंधन को जलाने के लिए आक्सीजन चाहिए और तरल आक्सीजन भी कितने हजार टन ढो सकने वाले वाहनों का उपयोग करेंगे।

दूसरी ओर अंतरिक्ष में दिशा ज्ञान रात होते ही या सूरज की रोशनी किसी भी ग्रह की छाया में दिशा भ्रम होगा ही,तीसरी तारों की रोशनी में भी यान जब बढ़ेंगे जब वहां कोई माध्यम होगा जब माध्यम ही नहीं तो यान कैसे आगे बढ़ेंगे? फिर जब तक अंतरिक्ष पार करने की व्यवस्था नहीं तो ग्रहों, पिंडों के वातावरण में कैसे प्रवेश करेंगे और जरूरी है कि उस पिंड या ग्रह के वातावरण में आपका यान उसका ईंधन काम कर ही जाएगा, इसलिए चंद्रमा और मंगल पर पहुंचने की कहानी शिगूफों से ज्यादा कुछ भी नहीं।

आकाशगंगा में किसी भी ग्रह पर जीवन के अस्तितेव को उस पर यदि बादलों का अस्तितेव है तो ही संभव होगा जिसे आप धरती से भी विशाल दूरबीनों से देख सकते हैं। या अंतरिक्ष में स्थापित दूरबीनों के आंकडों से भी ज्ञात किया जा सकता है कि यदि आकाशगंगा के किसी भी पिंड, ग्रह के वातावरण में यदि बादल हैं तो तरलता है और तरलता है तो जीवन अवस्य संभावित है। बेशक यह भी आवश्यक है कि वह पिंड सूर्य जैसे किसी विशाल ऊर्जाशाली ग्रह का ही उपग्रह होगा, जैसा कि पृथ्वी सूर्य का उपग्रह होकर सूर्य का चक्कर लगाती है, वास्तविक ऊर्जा पृथ्वी को भी सूर्य से भी मिलती हा तरलता, वाष्प बनकर बादल बनती है और बादलों का आकाश में संघनन होने के बाद भारी होने पर बरसते हैं वह तरलता पृथ्वी पर जीवन का आधार है, जिससे वनस्पतियों और जीवों का जीवन चक्र चलता है।

आकाशगंगा में सूर्य जैसे ग्रह हैं जो असीम और विशाल ऊर्जा के स्रोत हैं तो उनके पृथ्वी के जैसे वातावरण वाले पिंड उपग्रह होंगे और उन उपग्रहों, पिंडों पर उनके वातावरण में दीर्घसमय तक वाष्प का संघनन होकर यदि बादल निर्मित होते हैं, बरसतेतो ही उस ग्रह पर जीवन के

अनुमान लगाया जा सकता है। जो कि दूरबीनों से ज्ञात किया जा सकता है।यदि नहीं तो केवल कोरी बकवास के अतिरिक्त कुछ नहीं। फिर नासा के धूर्त जालसाजों को धरती के अन्य राष्ट्रों में बैठे मूर्खों पर सत्ता चलाने,दहशत बरपाने और अपनी सर्वोच्चता को स्थापित करने के लिए शिगूफे अपनी दुकानदारी के लिए भी तो चाहिए, बस पेश करने का अंदाज होना चाहिए। जहां तक विश्वभर के समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, टीवी न्यूज चैनल के पत्रकारों का सवाल हैतो 99% मूर्खों को मोटी गिफ्ट और पैसों का लालच दे दीजिए। जंगल के सियारों की तरह हुंआ-हुंआ चिल्लाने और जनता में अपने सिक्के चलाने की आदत है। क्या हुआ, कैसे हुआ, क्यों हुआ, उससे आम जनता के मूल, वर्तमान और भविष्य पर क्या असर पड़ेगा इन धूर्तों और मूर्खों की बला से।

साप्ताहिक समय माया
पृथ्वी पर हम सब समय माया के पात्री हैं



# मध्यप्रदेश वाणिज्यकर विभाग जालसाजों का अड्डा

# सूचना के आवेदन में जानकारी न देने के षड्यंत्र

## अच्छा वेतन, रिश्वत खोरी, रोमांस सब है राजस्व जाए भाड़ में

**इंदौर।**

म.प्र. वाणिज्य कर में अधिकारी और कर्मचारियों को छठे वेतन मान के पश्चात अच्छा वेतन तो मिलने ही लगा है, फालिों को निपटाने में पहले से कम फिर भी पर्याप्त रिश्वत भी उपलब्ध है अधिकारियों और कर्मचारियों को काम के बदले और अब तो रोमांस के लिए महिला कर्मचारी और अधिकारी भी उपलब्ध हैं तो फिर राजस्व की वसूली तो औपचारिकता ही रह जाएगी। यही हो रहा है चारों तरफ पूरे प्रदेश में, मुख्यालय से लेकर दूर दराज की चौकियों तक पर बेशक, चौकियों के मामले में महिलाओं के समान अधिकार का ख्याल नहीं रखा जा रहा है जो न केवल दुःखद वरन पक्षपातपूर्ण है, आखिकर वहां पर भी पुरुष कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच महिला कर्मियों के रहने से काम और मोटा वसूली का मजा भी सभी के लिए कई गुना हो जाएगा। ट्रक ड्राइवरों को भी लाईन में खड़े रहने में बोरियत नहीं होगी, साथ में काम कर रहे कर्मियों को इस बहाने मोटी टिप भी मिल जाया करेगी सभी प्रकार की।

